आवाज उठाने की प्रक्रिया

संस्करण 1.0 - जनवरी 2017

विषय-सूची

प्रस्तावना 3

कार्यकारी सार 4

1. सामान्य 6

1.1 आपको आवाज उठाने के लिए क्यों प्रोत्साहित किया जाता है? 6

1.2 इस आवाज उठाने की प्रक्रिया का प्रयोग कौन कर सकता है? 6

2. कोई बदला नहीं 6

2.1 हम आप पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को कैसे रोकेंगे? 6

2.2 नेकनीयती या बुरी नीयत? 7

3. गोपनीयता 7

3.1 हम आपकी पहचान को कैसे बचाते हैं? 7

4. इस आवाज उठाने की प्रक्रिया का दायरा 7

4.1 किस प्रकार के मुद्दे उठाए जा सकते हैं? 7

4.2 किस प्रकार के मुद्दे जरूरी तौर पर उठाए जाने चाहिए? 8

4.3 यदि आपके पास सभी तथ्य नहीं हों तो क्या होगा? 8

4.4 यदि आपको केवल सलाह और सहायता की आवश्यकता हो तो क्या होगा? 8

5. रिपोर्ट करने के माध्यम और प्रक्रियाएं 8

5.1 रिपोर्ट फाइल करने के लिए आप किन माध्यमों का प्रयोग कर सकते हैं? 8

5.2 रिपोर्ट कैसे फाइल करें और किन चीजों की उम्मीद करें? 9

5.3 जब आप कोई रिपोर्ट फाइल करते हैं तो उसके बाद क्या होता है? 10

6. निजता 11

6.1 हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रयोग कैसे करते हैं? 11

7. बाह्य प्रकटीकरण 11

7.1 क्या आपको कभी बाह्य तौर पर कोई चिंता उठानी चाहिए? 11

दृश्य पुनरावृत्ति 13

अनुबंध: 14

प्रस्तावना

Fugro की व्यापार आचरण संहिता बताती है कि हम किस प्रकार अपना बिजनेस या व्यापार करना चाहेंगे, चाहे हम दुनिया में कहीं भी हों और परिस्थितियां कैसी भी हों। कार्य का अर्थ केवल हमारे ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं मुहैया कराना नहीं है, इसमें और भी बातें शामिल हैं। हमें अपना व्यापार या बिजनेस सही चीजें करके सही तरीके से भी करना होता है। डिलीवरी की उत्कृष्टता एवं टीम कार्य पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ, हम जिम्मेदारी के साथ व्यापार करना चाहेंगे, अपने ग्राहकों का खयाल रखना चाहेंगे और सभी संबद्ध पक्षों को सेवाएं देना चाहेंगे।

Fugro में हम अपने कार्य में सत्यनिष्ठा एवं खुलेपन के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध हैं। यह वास्तव में तभी सार्थक होगा जब हम कोई भी अनुचित बात देखने पर एक दूसरे को अपनी वचनबद्धता की याद दिलाएं। इस तरीके से हम एक दूसरे की सहायता करते हैं और एक कंपनी के रूप में Fugro को भी फायदा पहुंचाते हैं।

हम अपने उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए, अपने उन कर्मचारियों को जिनके मन में हमारी आचरण संहिता के (संदिग्ध) उल्लंघन की आशंका है, प्रोत्साहित करते हैं कि वे आवाज उठाएं और अपनी चिंताएं या सरोकार हमारे साथ साझा करें। हम जानते हैं कि आवाज उठाने के लिए साहस की आवश्यकता होती है। इसीलिए हम अपनी कंपनी में ऐसी संस्कृति पोषित करना चाहेंगे जिसमें इस प्रकार की आशंकाएं उठाते समय दंडित किए जाने अथवा पक्षपातपूर्ण व्यवहार का कोई भय न हो।

यदि आपको लगता हो कि कोई ऐसी स्थिति है जिसमें कानून का उल्लंघन हो रहा है या वह हमारे मूल्यों के साथ असंगति में है, अथवा आपको बस ठीक नहीं लग रहा हो, तो कृपया उसे अपने तक न रखें। जब आप हमें स्वास्थ्य जोखिमों, धोखाधड़ी, रिश्वत, उत्पीड़न या अन्य प्रकार के अनुचित व्यवहार के संबंध में किसी भी चिंता के बारे में बताते हैं जो आपके मन में हो, तो उससे हम कार्रवाई कर पाते हैं और स्थिति में सुधार ला पाते हैं।

यह स्पीक अप प्रक्रिया (आवाज उठाने की प्रक्रिया) आपका मार्गदर्शन करती है कि इस प्रकार की चिंताओं को गोपनीय तरीके से कैसे उठाया जाए।

मुझे आशा है कि आप यह सुनिश्चित करने में अपना योगदान देंगे कि Fugro काम करने की दृष्टि से एक शानदार जगह बनी रहे जहां आप अपनी आवाज उठा सकें तथा किसी भी चिंता को बता सकें। हम आपके योगदान की अत्यधिक सराहना करेंगे!

Mark Heine

सीईओ

कार्यकारी सार

आपको आवाज उठाने के लिए क्यों प्रोत्साहित किया जाता है?

Fugro में हम अपने कार्य में सत्यनिष्ठा एवं खुलेपन के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध हैं। अपने उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए, हम अपने उन कर्मचारियों - तथा स्टेकहोल्डरों को भी - जिनके मन में हमारी आचरण संहिता के (संदिग्ध) उल्लंघन की आशंका है, प्रोत्साहित करते हैं कि वे आवाज उठाएं। जब आप हमारे साथ चिंताएं साझा करते हैं, तो उससे हम कार्रवाई कर पाते हैं और स्थिति को बेहतर कर पाते हैं।

कोई बदला नहीं

यदि आप नेकनीयती से कोई चिंता उठाते हैं या किसी मामले में आधिकारिक छानबीन का अनुरोध करते हैं ('रिपोर्ट' फाइल करना), तो **Fugro** इसके लिए आपके खिलाफ बदले की कार्रवाई सहन नहीं करेगा। यदि आप बुरे इरादे से रिपोर्ट करते हैं, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

रिपोर्ट करने के माध्यम

आप अपनी चिंताएं उठाने या आचरण संहिता के संदिग्ध उल्लंघन में रिपोर्ट करने के लिए निम्नलिखित माध्यमों का प्रयोग कर सकते हैं:

- आपका अपना मैनेजर या सुपरवाइज़र या उसका मैनेजर,
- कोई मानव संसाधन प्रतिनिधि,
- कोई गोपनीय सलाहकार,
- कोई आंतरिक कानूनी सलाहकार,
- ई-मेल करके, Code.of.Conduct@Fugro.com.

यदि आप उपर्युक्त में से किसी भी रिपोर्ट करने के माध्यम का प्रयोग करने में सहज महसूस नहीं करते हैं तो आप बाह्य रिपोर्टिंग लाइन में संपर्क कर सकते हैं (www.Convercent.com/report) जो आपको गुमनाम तरीके से रिपोर्ट करने की संभावना प्रदान करती है।

जब आप कोई रिपोर्ट करते हैं तो क्या होता है?

सभी रिपोर्टों को कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमिटी द्वारा देखा जाएगा। इस कमिटी में सामान्य सलाहकार/मुख्य अनुपालन अधिकारी, आंतरिक लेखा-परीक्षा प्रमुख एवं वैश्विक मानव संसाधन निदेशक शामिल रहते हैं। यदि कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमिटी निष्कर्ष निकालती है कि आपकी रिपोर्ट में उठाई गई चिंताएं (आंशिक रूप से) तथ्यों पर आधारित हैं, तो वह उपयुक्त उपचारात्मक उपायों के बारे में निर्णय लेगी। तत्पश्चात, इन उपायों में शामिल हो सकते हैं ऐसी घटनाओं को भविष्य में फिर से होने से रोकने के लिए उल्लंघनकर्ता(ओं) के विरुद्ध अनुशासनात्मक उपाय और/अथवा संगठनात्मक उपाय (अर्थात, प्रक्रियाएं एवं कार्यविधियां)।

यदि आपको सलाह या सहायता चाहिए हो, तो क्या होगा?

यदि आप निश्चित नहीं हैं कि कोई विशेष स्थिति हमारी आचरण संहिता का उल्लंघन है या नहीं, या आप रिपोर्ट फाइल करने में सहायता चाह रहे हैं, तो आपको प्रोत्साहित किया जाता है कि आप पहले अपने मैनेजर या सुपरवाइजर, किसी स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि, (स्थानीय) आंतरिक कानूनी सलाहकार, अथवा (स्थानीय) गोपनीय सलाहकार के साथ गोपनीय रूप से अपनी चिंता उठाएं। वे आपको सलाह देंगे।

पूर्ण प्रक्रिया लागू होती है

कृपया नोट करें कि यह कार्यकारी सार केवल मुख्य बातें ही बताता है; पूरी आवाज उठाने की प्रक्रिया एक बाध्यकारी पाठ

है।

1. सामान्य

1.1 आपको आवाज उठाने के लिए क्यों प्रोत्साहित किया जाता है?

Fugro द्वारा एक ऐसी खुलेपन की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जाता है जिसमें हम सभी मिलकर अपने दैनिक कार्यों को बेहतर बनाने में सहायता कर सकें। एक ऐसी संस्कृति जिसमें हम सभी अपनी आचरण संहिता से संबंधित कोई भी प्रश्न या आशंकाएं सहज तरीके से उठा सकें।

यदि आपको लगता हो कि कोई ऐसी स्थिति है जिसमें कानून का उल्लंघन हो रहा है या वह हमारे मूल्यों के साथ असंगति में है, अथवा आपको बस अच्छा नहीं लग रहा हो, तो कृपया उसे अपने तक न रखें। जब आप हमें अपनी किसी भी चिंता या आशंका के बारे में बताते हैं, तो उससे हम कार्रवाई कर पाते हैं और स्थिति को ठीक कर पाते हैं। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

हालांकि आप में से कुछ लोग इस प्रकार की चिंताओं को उठाने में घबराहट महसूस कर सकते हैं, लेकिन हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि जैसे ही आप किसी चीज को लेकर चिंतित होते हैं, जल्दी से जल्दी आवाज उठाएं। यदि आप हमारी आचरण संहिता के किसी संभावित उल्लंघन के बारे में मौन रहते हैं, तो उससे स्थिति बदतर हो सकती है।

1.2 इस आवाज उठाने की प्रक्रिया का प्रयोग कौन कर सकता है?

हम सभी कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य स्टेकहोल्डरों को जिनके Fugro के व्यवसाय को बेहतर करने में जायज हित हैं (जैसे आपूर्तिकार, ठेकेदार, अस्थाई तौर पर दूसरे संगठनों से आए कार्मिक), चिंताएं उठाने के लिए आमंत्रित करते हैं। लक्ष्य हमेशा Fugro को बेहतर करने और यह सुनिश्चित करने का होना चाहिए कि हम सभी Fugro के मूल्यों एवं आचरण संहिता के आधार पर जिम्मेदारी के साथ काम करें।

2. कोई बदला नहीं

2.1 हम आप पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को कैसे रोकेंगे?

जब आप नेकनीयती से किसी चिंता को उठाएंगे और/अथवा (उसके बाद) औपचारिक रिपोर्ट करने ("रिपोर्ट") का निर्णय लेंगे, तो Fugro द्वारा उसके नकारात्मक प्रभावों को सहन नहीं किया जाएगा। 'नेकनीयती' की अवधारणा अगले पैराग्राफ में समझाई गई है। यदि आपको लगता है कि किसी के द्वारा आपको दंडित किया जा रहा है या आपके साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है, तो कृपया उसी माध्यम का प्रयोग करके हमें सूचित करें जिसका प्रयोग आपने अपनी रिपोर्ट फाइल करने के लिए किया था। यदि आपसे बदला लिया जाता है, तो कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमिटी द्वारा उपयुक्त प्रबंधन स्तर को निर्देश दिए जाएंगे[1] ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अपराधकर्ता के विरुद्ध अनुशासनात्मक उपाय किए जा सकें।

संभव है कि आप हमारी संहिता के किसी ऐसे संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करना चाहें जिसमें आपने व्यक्तिगत रूप से भाग लिया हो। इस प्रकार की रिपोर्टों को देखते समय - और संभावित अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के बारे में निर्णय लेते समय - Fugro द्वारा यह राहतकारी कारक ध्यान में रखा जाएगा कि वह मामला उजागर करने वाले व्यक्ति आप ही हैं।

[1] कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमिटी पर विवरण के लिए पृष्ठ 9 देखें।

2.2 नेकनीयती या बुरी नीयत?

जो लोग नेकनीयती से कोई चिंता उठाएंगे उन्हें आवाज उठाने के कारण किसी नुकसान वाली स्थिति में नहीं डाला जाएगा। इस संदर्भ में नेकनीयती का अर्थ है कि कोई व्यक्ति ऐसी ही स्थितियों में तर्कसंगत रूप से मानेगा या संदेह करेगा कि हमारी आचरण संहिता का उल्लंघन किया गया और यह कि ऐसे मामले में कोई चिंता उठाना और/अथवा रिपोर्ट करना तर्कसंगत है। यदि छानबीन के उपरांत हमारी आचरण संहिता के किसी भी उल्लंघन का पता नहीं चलता है, तो आपके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी - जब तक कि आपने अपनी चिंता बुरी नीयत से न उठाई हो।
बुरी नीयत से रिपोर्ट करने का अर्थ है कि आपको मालूम है कि आप जो रिपोर्ट कर रहे हैं वह बहुत हद तक सत्य नहीं है, और यह कि आप रिपोर्ट करने की प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहे हैं क्योंकि (क) आपकी व्यक्तिगत शिकायतें हैं, अथवा (ख) आप केवल अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए ऐसा कर रहे हैं। बुरी नीयत से रिपोर्ट करने को Fugro द्वारा सहन नहीं किया जाता है। यदि आप बुरी नीयत से रिपोर्ट करते हैं तो अनुशासनात्मक उपायों पर नीति के अनुसार आपके लिए अनुशासनात्मक नतीजे होंगे। जिस सीमा तक लागू होगा, आपको नुकसान की भरपाई भी करनी पड़ सकती है।

3. गोपनीयता

3.1 हम आपकी पहचान को कैसे बचाते हैं?

सभी रिपोर्टों को गोपनीय तरीके से संचालित किया जाता है। आप होशियार रहकर और जिन लोगों के साथ आप अपनी चिंताएं साझा करते हैं उनकी संख्या सीमित करके, अपनी पहचान को बचाने में हमारी सहायता कर सकते हैं। यदि आप स्वयं आकर रिपोर्ट करते हैं, तो प्राप्तकर्ता आपकी पहचान जान लेगा। उस व्यक्ति को यह अनुमति नहीं है कि वह आपकी अनुमति के बिना आपकी पहचान दूसरों को बताए।

केवल निम्नलिखित अपवाद हैं:

- जब जानकारी तथा आपकी पहचान प्रकट करने के लिए Fugro की कानूनी या विनियामक बाध्यता हो; अथवा
- जब आपने बुरी नीयत से रिपोर्ट फाइल की हो।

जहां संभव होगा, किसी अन्य को आपकी पहचान बताने से पहले आपको सूचित किया जाएगा।

कभी-कभी, आपकी पहचान गोपनीय रखने से छानबीन में बाधा पड़ सकती है या छानबीन का काम पेचीदा हो सकता है। कभी-कभी, Fugro भी इस वजह से उचित कार्रवाई करने में असमर्थ हो जाता है। ऐसे मामलों में, आपसे अपनी पहचान बताने के लिए कहा जाएगा। आपकी पहचान केवल उन लोगों को बताई जाएगी (आपके द्वारा अनुमति देने के बाद) जिन्हें उचित छानबीन करने के प्रयोजन से आपकी पहचान जानने की आवश्यकता होगी।

4. इस आवाज उठाने की प्रक्रिया का दायरा

4.1 किस प्रकार के मुद्दे उठाए जा सकते हैं?

यदि कर्मचारियों और स्टेकहोल्डरों को लगता है कि कोई मुद्दा कानून के उल्लंघन में है, या पूरी तरह Fugro के मूल्यों अथवा हमारी आचरण संहिता के अनुरूप नहीं है, तो उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है कि वे चिंता उठाएं और/अथवा रिपोर्ट फाइल करें। यह आवाज उठाने की प्रक्रिया रोजगार की शर्तों, वार्षिक मूल्यांकन या इसी तरह के मामलों के बारे में शिकायतें करने के लिए नहीं है।

4.2 किस प्रकार के मुद्दे जरूरी तौर पर उठाए जाने चाहिए?

कुछ मुद्दे बहुत अधिक जोखिम पैदा करते हैं, और आप ऐसे जोखिमों की अनदेखी नहीं कर सकते।

ये ऐसी परिस्थितियां हैं जो:

- किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य या सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं[2]; अथवा
- ऐसा लगता हो कि किसी ऐसे कानून का उल्लंघन हो रहा है जिसके लिए कोई व्यक्ति जेल जा सकता है या जिसके लिए Fugro को पर्याप्त जुर्माना भरना पड़ सकता है (जैसे धोखाधड़ी, चोरी, रिश्वत और/अथवा प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार)।

जहां ऐसी परिस्थितियों का संदेह हो, इन्हें तुरंत किसी भी कर्मचारी द्वारा तुरंत रिपोर्ट किया जाना चाहिए।

4.3 यदि आपके पास सभी तथ्य नहीं हों तो क्या होगा?

यदि आपके पास सभी तथ्य नहीं हैं, तो भी कृपया अपनी चिंता उठाएं और/अथवा रिपोर्ट फाइल करें। याद रखें कि इसमें लक्ष्य Fugro को बेहतर बनाना तथा यह सुनिश्चित करना है कि हम सभी अपनी आचरण संहिता का पालन करें। कृपया अपने आप छानबीन शुरू न करें। हम यह मामला अनुभवी जांचकर्ताओं पर छोड़ देते हैं जिन्हें कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमिटी द्वारा नियुक्त किया जाता है।

4.4 यदि आपको केवल सलाह और सहायता की आवश्यकता हो तो क्या होगा?

यदि आप निश्चित नहीं हैं कि कोई विशेष स्थिति हमारी आचरण संहिता का उल्लंघन है या नहीं, या आप रिपोर्ट फाइल करने में सहायता चाह रहे हैं, तो आपको प्रोत्साहित किया जाता है कि आप पहले अपने मैनेजर या सुपरवाइजर, किसी स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि, (स्थानीय) आंतरिक कानूनी सलाहकार, अथवा (स्थानीय) गोपनीय सलाहकार के साथ गोपनीय रूप से अपनी चिंता उठाएं। वे आपको अगले संभव कदमों के बारे में सलाह दे सकते हैं। वे आपकी रिपोर्ट फाइल करने के सही माध्यमों को चिह्नित करने में भी आपकी सहायता कर सकते हैं। जैसा कि ऊपर बताया गया है, वे आपकी अनुमति के बिना आपकी पहचान प्रकट नहीं कर सकते।

5. रिपोर्ट करने के माध्यम और प्रक्रियाएं

5.1 रिपोर्ट फाइल करने के लिए आप किन माध्यमों का प्रयोग कर सकते हैं?

---

[2] कृपया नोट करें कि ऐसे स्वास्थ्य, सुरक्षा और रक्षा संबंधी मुद्दों को (जैसे असुरक्षित दशाएं, परिस्थितियां या कृत्य) जो आपको या आपके कार्यस्थल सहकर्मियों को गंभीर और आसन्न खतरे में डालते हों, हमेशा जरूरी तौर पर सामान्य लाइन प्रबंधन चैनलों के माध्यम से यथासंभव सबसे तीव्र माध्यमों से सूचित किया जाना चाहिए, अर्थात, आपके सुपरवाइजर या मैनेजर के जरिए मौखिक रूप से। यह आवाज उठाने की प्रक्रिया केवल ऐसे स्वास्थ्य, सुरक्षा और रक्षा मुद्दों के संबंध में लागू है जब आपको लगता हो कि इस मुद्दे को लाइन प्रबंधन ने उपयुक्त रूप से नहीं निपटाया है।

हमें आशा है कि आप अपने कार्य वातावरण में अपनी चिंता उठाने और/अथवा अपने मैनेजर या सुपरवाइज़र (अथवा उसके मैनेजर) के पास रिपोर्ट फाइल करने के बारे में पर्याप्त सहज अनुभव करते होंगे। इस विधि को प्रोत्साहित किया जाता है क्योंकि यह किसी भी गलतफहमी को दूर करने तथा संपूर्ण संगठन में एक खुला कार्य वातावरण सुनिश्चित करने का सबसे तेज तरीका है।

अत:, आपकी चिंताएं उठाने या रिपोर्ट फाइल करने का बेहतर तरीका है:

- आपका अपना मैनेजर या सुपरवाइज़र (या उसका मैनेजर)।

यदि आपको अपने मैनेजर या सुपरवाइजर के साथ किसी चिंता पर चर्चा करने अथवा रिपोर्ट फाइल करने में असहज महसूस हो, यदि ऐसा करना संभव न हो, या आप नतीजे से संतुष्ट न हों, तो आप इन स्थानीय माध्यमों से अपनी चिंता उठा सकते हैं या रिपोर्ट फाइल कर सकते हैं:

- मानव संसाधन प्रतिनिधि;
- कोई गोपनीय सलाहकार; अथवा
- कोई आंतरिक कानूनी सलाहकार।

प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों द्वारा संहिता के संदिग्ध उल्लंघन से संबंधित रिपोर्टें सीधे Fugro N.V. के सुपरवाइज़री बोर्ड के चेयरमैन के पास दायर की जा सकती हैं। यदि आपको संदेह है कि कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी का कोई सदस्य उल्लंघन में शामिल है, तो यही बात लागू होती है।

यदि उपर्युक्त व्यक्तियों तक पहुंचना कठिन हो या आप उनके पास जाने में असहज महसूस करते हैं (उदाहरण के लिए आपको बदला लिए जाने का डर हो), तो आप अपनी चिंताओं को निम्नलिखित तरीके से उठा सकते हैं:

- एक (गुमनाम) ई-मेल Code.of.Conduct@fugro.com पर भेजकर।

यदि आप उपर्युक्त में से किसी भी माध्यम का प्रयोग करने में सहज महसूस नहीं करते हैं, तो आप यह भी कर सकते हैं:

- हमारी स्वतंत्र बाह्य रिपोर्टिंग लाइन में संपर्क करें: स्पीक अप लाइन - यह 24/7 आधार पर उपलब्ध है (www.Convercent.com/report)। यह सिस्टम एक स्वतंत्र अन्य पक्ष प्रदाता द्वारा संचालित किया जाता है और रिपोर्टिंग डेटा हमारी कंपनी से बाहर संभाला जाता है। इस सिस्टम की मदद से आप पूरी गोपनीयता के साथ किसी संभावित अनियमितता की रिपोर्ट कर सकते हैं और इसमें आपको अपनी पहचान बताने की आवश्यकता नहीं है - जब तक आप ऐसा करने का फैसला नहीं करते।

5.2 रिपोर्ट कैसे फाइल करें और किन चीजों की उम्मीद करें?

आप हमारी आचरण संहिता के किसी (संभावित) उल्लंघन के बारे में व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा, टेलीफोन से या फिर ई-मेल द्वारा रिपोर्ट फाइल कर सकते हैं। संगत वेबपृष्ठ पर जाकर अथवा स्थानीय रूप से एक टोल-फ्री टेलीफोन नंबर पर (जिसे वेबपृष्ठ (www.Convercent.com/report) पर भी देखा जा सकता है) डायल करके बाह्य स्पीक अप लाइन पर रिपोर्ट की जा सकती है)। Fugro आपकी मातृभाषा में आपके साथ संप्रेषण के तरीकों की भी व्यवस्था करेगा।

रिपोर्ट फाइल करते समय कृपया ऐसी समस्त जानकारी दें जो आपके पास उपलब्ध हो और जिसके बारे में आप सोचते हों कि वह प्रासंगिक या उपयोगी हो सकती है (स्वयं छानबीन किए बिना; यह काम हम अनुभवी जांचकर्ताओं पर छोड़ देते हैं)। इससे प्राप्तकर्ता जल्दी से जल्दी मामले का मूल्यांकन कर सकेगा। प्रासंगिक जानकारी के उदाहरण हैं, जो आपने देखा, सुना या अनुभव किया उसका विवरण; प्रासंगिक पृष्ठभूमि; आपकी चिंता के कारण; और आपकी चिंता से संबंधित नाम, तारीखें और स्थान। प्राप्त की जाने वाली जानकारी कंपनी के भीतर या बाहर दूसरों के साथ साझा की जाएगी, यदि और जिस सीमा तक उसकी आवश्यकता रिपोर्ट तथा उसमें उठाए गए मुद्दों से उचित रूप से निपटने के लिए होगी।
रिपोर्ट फाइल करने के लिए आप इस आवाज उठाने की प्रक्रिया के अनुबंध में दिए गए टेंपलेट का प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन बेहिचक अपनी पसंद के फॉर्मेट में रिपोर्ट फाइल करें।

यदि आपकी पहचान और संपर्क ब्यौरा ज्ञात हैं, तो 10 कार्य दिवसों के भीतर आपकी रिपोर्ट की रसीद की पावती दे दी जाएगी। यदि आप बाह्य स्पीक अप लाइन का प्रयोग करते हैं, तो स्पीक अप लाइन के बाह्य आपूर्तिकर्ता द्वारा की गई लिखित रिपोर्ट कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी को भेज दी जाएगी।

Fugro आपके द्वारा एक रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के तौर पर अपेक्षित या चाहे गए परिणाम की गारंटी नहीं दे सकता। तथापि, Fugro आपकी वाजिब चिंताओं को निष्पक्ष और उचित प्रकार से देखने के प्रति वचनबद्ध है।

5.3 जब आप कोई रिपोर्ट फाइल करते हैं तो उसके बाद क्या होता है?

रिपोर्ट किए गए मामले कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी द्वारा संभाले जाते हैं जिसमें सामान्य सलाहकार/मुख्य अनुपालन अधिकारी, आंतरिक लेखा-परीक्षा प्रमुख एवं वैश्विक मानव संसाधन निदेशक शामिल रहते हैं। कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी सीधे ही मुख्य कार्यकारी अधिकारी और मुख्य वित्तीय अधिकारी को रिपोर्ट करती है।

- कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी प्रत्येक रिपोर्ट किए गए मामले की प्रारंभिक जांच कराएगी और तय करेगी कि:
- क्या उससे हमारी आचरण संहिता, और/अथवा उसकी अंतर्निहित नीतियों के उल्लंघन के बारे में तर्कसंगत संदेह पैदा होता है; और
- क्या कोई भिन्न प्रक्रिया लागू होती है (जैसे कि वार्षिक मूल्यांकन अथवा QHSSE)।

जहां तर्कसंगत रूप से संभव होगा और आपकी पहचान और संपर्क ब्यौरा ज्ञात होंगे, आपको सूचित किया जाएगा कि क्या मामले की आगे छानबीन की जाएगी या नहीं और क्या कोई भिन्न प्रक्रिया लागू हो सकती है।

- जो रिपोर्टें आगे छानबीन के लिए उपयुक्त पाई जाएंगी उनकी छानबीन कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी के निर्देशों के तहत की जाएगी जो अपने एक या अधिक सदस्यों को यह कार्य सौंप सकती है। कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी एक या अधिक जांचकर्ताओं की नियुक्ति कर सकती है। जांचकर्ताओं के पास अस्थाई उपाय करने के लिए दूसरों को निर्देश देने का अधिकार है (उदाहरण के लिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि भौतिक साक्ष्यों अथवा डिजिटल जानकारी की उचित प्रकार सुरक्षा की जाए)। कर्मचारियों को छानबीन में सहयोग करना और किसी जांचकर्ता द्वारा मांगी गई समस्त उपलब्ध जानकारी और दस्तावेज उपलब्ध कराना जरूरी है।
- जहां उचित रूप से संभव होगा और यदि आपकी पहचान और संपर्क विवरण ज्ञात होंगे, आपके द्वारा अपनी रिपोर्ट दायर की तारीख के आठ सप्ताह के भीतर, जांचकर्ता आपको छानबीन की स्थिति के बारे में सूचित करेगा/करेंगे। यदि वे आठ सप्ताह के भीतर यह जानकारी प्रदान नहीं कर सकते, तो वे आपको एक नई तारीख देंगे जब आप स्थिति के संबंध में स्थिति का अपडेट प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं। कृपया नोट करें कि स्थिति का अपडेट केवल छानबीन की स्थिति पर एक अपडेट होगा और इसमें छानबीन से संबंधित या जांच किए जा रहे किसी भी व्यक्ति से संबंधित कोई ब्यौरा शामिल नहीं होगा।

- यदि आपकी रिपोर्ट में किसी विशिष्ट व्यक्ति(यों) के बारे में आशंका उठाई गई होगी, तो उस व्यक्ति/उन व्यक्तियों को जांचकर्ता द्वारा छानबीन के दौरान संदिग्ध उल्लंघन के बारे में सूचित किया जाएगा। Fugro द्वारा उस व्यक्ति/उन व्यक्तियों से कथित तथ्यों के बारे में और - बाद के चरण में - छानबीन के परिणामों के बारे में भी उनके विचार देने के लिए कहा जाएगा। यदि आपकी पहचान ज्ञात होगी, तो उस व्यक्ति/उन व्यक्तियों को आपकी अनुमति के बिना आपकी पहचान के बारे में सूचित नहीं किया जाएगा।
- छानबीन के परिणाम कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी को प्रस्तुत किए जाते हैं जो मामले में निर्णय सुनाती है। यदि कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमिटी निष्कर्ष निकालती है कि आपकी रिपोर्ट में उठाई गई चिंताएं (आंशिक रूप से) तथ्यों पर आधारित हैं (अर्थात, हमारी आचरण संहिता, अथवा उसकी अंतर्निहित नीतियों का उल्लंघन हुआ है), तो वह उपयुक्त उपचारात्मक उपायों के बारे में निर्णय लेगी। तत्पश्चात, इन उपायों में शामिल हो सकते हैं ऐसी घटनाओं को भविष्य में फिर से होने से रोकने के लिए उल्लंघनकर्ता(ओं) के विरुद्ध अनुशासनात्मक उपाय और/अथवा संगठनात्मक उपाय (अर्थात, प्रक्रियाएं एवं कार्यविधियां)।

Fugro के भीतर कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी द्वारा उपयुक्त प्रबंधन स्तर को उपचारात्मक उपाय लागू करने के निर्देश दिए जाएंगे। कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी निगरानी करेगी कि उसके निर्देशों को उचित प्रकार से लागू किया जाए।

- अंत में, जहां उचित होगा और आपकी पहचान और संपर्क ब्यौरा ज्ञात होंगे, आपको सूचित किया जाएगा कि क्या कोई उल्लंघन पाया गया, यदि हां, तो कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया है। जिस व्यक्ति/जिन व्यक्तियों के बारे में आपकी रिपोर्ट थी उनकी निजता और कानूनी स्थिति दोनों के दृष्टिगत कोई भी और विवरण नहीं दिया जा सकता।

यदि सावधानीपूर्वक विचार करने के उपरांत, एक रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के तौर पर आपको लगता है कि आपकी रिपोर्ट की छानबीन पेशेवर तरीके से नहीं की गई है अथवा इस प्रक्रिया के अनुरूप सही तरीके से नहीं की गई है, तो आपको सीधे कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी को सूचित करना चाहिए (cic@fugro.com).

6. निजता

6.1 हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी का प्रयोग कैसे करते हैं?

Fugro में, हम लागू कानूनों के अनुसार जहां तक संभव होगा, छानबीन में सभी की निजता की रक्षा करने के प्रति वचनबद्ध हैं। इस प्रक्रिया के अनुसार की जाने वाली किसी भी छानबीन के भाग के तौर पर प्राप्त किए जाने वाले किसी भी व्यक्तिगत डेटा का प्रयोग केवल इस दस्तावेज में उल्लिखित प्रयोजनों के लिए किया जाएगा। इस प्रकार का डेटा केवल उन लोगों को दिया जाएगा जिन्हें उसे जानने की आवश्यकता होगी। केवल निम्नलिखित अपवाद हैं:

- Fugro पर जानकारी प्रकट करने का कानूनी या विनियामक दायित्व हो; अथवा
- जब आपने बुरी नीयत से रिपोर्ट फाइल की हो।

इन दोनों ही मामलों में, किसी भी व्यक्तिगत डेटा को प्रकट करने का काम केवल उस सीमा तक किया जाएगा जहां तक ऐसा करना लागू कानून का पालन करने के लिए अथवा किसी बुरी नीयत से की गई रिपोर्ट के संबंध में उचित उपाय करने के लिए जरूरी होगा।

7. बाह्य प्रकटीकरण

7.1 क्या आपको कभी बाह्य तौर पर कोई चिंता उठानी चाहिए?

संदिग्ध अनियमितताओं के मामले में हमारा आपसे आग्रह है कि आप इस आवाज उठाने की प्रक्रिया में दिए गए रिपोर्ट करने के माध्यमों का प्रयोग करें। ऐसे मामलों में जब स्थानीय कानून आपको गंभीर गलत आचरण को बाह्य तौर पर उठाने, यानी, सीधे मीडिया में, किसी सरकारी प्राधिकारी के समक्ष या अन्य पक्ष के समक्ष उठाने की अनुमति देता हो जो स्वतंत्र बाह्य स्पीक अप लाइन नहीं है (www.Convercent.com/report)[3], आपको हमेशा Fugro की मीडिया नीति का पालन करना चाहिए और पहले एक रिपोर्ट फाइल करनी चाहिए जैसा कि इस आवाज उठाने की प्रक्रिया में बताया गया है अथवा सामान्य सलाहकार/मुख्य अनुपालन अधिकारी अथवा कार्पोरेट इंटेग्रिटी कमेटी के साथ अपनी योजना पर चर्चा करनी चाहिए।

बाहरी रूप से रिपोर्ट करने पर केवल तभी विचार करें जब:

- आपने पहले सावधानीपूर्वक मामले का मूल्यांकन कर लिया हो, और
- इस आंतरिक आवाज उठाने की प्रक्रिया पर अनुवर्ती कार्रवाई करना Fugro और उसके स्टेकहोल्डरों के सर्वोत्तम हित में नहीं हो, और
- संभावित रूप से कम हानिकारक विकल्प उपलब्ध नहीं हो, और
- कोई महत्वपूर्ण और तात्कालिक सार्वजनिक हित दांव पर हो या लागू कानून के अनुसार ऐसा करना अपेक्षित हो।

हमेशा सुनिश्चित करें कि:

- आप Fugro, इसके स्टेकहोल्डरों तथा शामिल लोगों पर अपने कार्यों के संभावित नकारात्मक प्रभाव को कम से कम करें; तथा
- वह बाहरी पार्टी जिसे आप रिपोर्ट करने पर विचार कर रहे हैं वह हमारी आचरण संहिता के कथित उल्लंघन के विरुद्ध प्रभावी रूप से उचित कार्रवाई करवाने में सक्षम हो।

अधिक जानकारी के लिए कहां जाएं?

- आपका (स्थानीय) मानव संसाधन प्रतिनिधि, (स्थानीय) गोपनीय सलाहकार या (स्थानीय) आंतरिक कानूनी सलाहकार, सामान्य वकील/मुख्य अनुपालन अधिकारी; अथवा
- Fugro InSite.

[3] स्वतंत्र स्पीक अप लाइन का उपयोग बाहरी रूप से चिंता को उठाने का प्रकार नहीं माना जाता है - स्पीक अप लाइन के माध्यम से प्राप्त रिपोर्टों को Fugro द्वारा आंतरिक रूप से निपटाया जाता है।

दृश्य पुनरावृत्ति



How to file a Report
Do you want to raise a concern or do you need confidential advice?
Speak to your supervisor or manager (or his/her manager), an (local) HR representative, an (local) in-house lawyer or your (local) Confidential Advisor.
I want to file a Report. Where do I go?
Do you feel comfortable approaching your supervisor or his/her manager?
Yes
Speak to them and they will discuss the best way to file a Report
No
Do you feel comfortable approaching your local HR representative, a local in-house legal counsel or (local) Confidential Advisor?
Yes
No
File your Report by email or (anonymously) via the independent external Speak Up line
Yes
Send an email to: Code.of.Conduct@ fugro.com
OR contact the external Speak Up line (www.convercent.com /Report)
See next page for the investigation steps



What happens when you file a Report
What happens when I file a Report?
Corporate Integrity Committee decides whether the matter needs to be investigated
No investigation
The reporter is informed*
Investigation
Corporate Integrity Committee appoints investigator(s) to look into the matter and receives the results of the investigation
No violation
The reporter is informed that no violation was found*
Violation
Corporate Integrity Commission decides on measures to be taken and monitors the follow-up by local management
Also
The reporter is informed that a violation was found*
* Please read the Speak Up Procedure for further details

अनुबंध:

आप अपने अपने सुपरवाइज़र या मैनेजर (या उसके मैनेजर), अपने (स्थानीय) मानव संसाधन प्रतिनिधि, अपने (स्थानीय) गोपनीय सलाहकार के पास रिपोर्ट फाइल करने के लिए अथवा Code.of.Conduct@fugro.com के जरिए रिपोर्ट फाइल करने के लिए इस टेम्पलेट का उपयोग कर सकते हैं। इस टेम्पलेट का उपयोग वैकल्पिक है; कृपया बेहिचक किसी भी प्रारूप का उपयोग करें जो आपको सहज लगता हो।

क्या आप अपनी पहचान गोपनीय रखना चाहते हैं?

कृपया नोट करें कि इस रिपोर्ट के प्राप्तकर्ता (सुपरवाइज़र या मैनेजर, स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि, अथवा स्थानीय गोपनीय सलाहकार को आपकी पहचान मालूम होगी। जब तक आप अनुमति नहीं देंगे, वह आपकी पहचान साझा नहीं करेगा। वैकल्पिक रूप से, आप टेम्पलेट को गुमनाम तरीके से Code.of.Conduct@fugro.com पर भेज सकते हैं अथवा आप बाहरी स्पीक अप लाइन या वेब सर्विस (www.Convercent.com/report) का प्रयोग कर सकते हैं।

मैं इस फॉर्म के प्राप्तकर्ता को अनुमति देता हूं कि वह मेरी व्यक्तिगत जानकारी उन लोगों के साथ साझा कर सकता है जो इस फॉर्म में वर्णित संभावित उल्लंघन की छानबीन में सीधे तौर पर शामिल होंगे।

हां ☐ नहीं ☐

व्यक्तिगत जानकारी

आपका नाम (मुख्यनाम और कुलनाम):
टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

आपकी पसंद का फोन नंबर (यह आपका प्राइवेट फोन नंबर हो सकता है):
टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

आपकी पसंद का ई-मेल पता (यह आपका प्राइवेट ई-मेल पता हो सकता है):
टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

आपके साथ संप्रेषण का सर्वोत्तम समय (समय-क्षेत्र लिखें जिसमें आप हैं):
टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

आपके साथ संप्रेषण का सर्वोत्तम समय:
फोन: ☐
ई-मेल: ☐
व्यक्तिगत रूप से: ☐

आपकी परिचालन कंपनी / कॉर्पोरेट डिपार्टमेंट का नाम:
टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट करें

हमारी आचरण संहिता का संभावित उल्लंघन क्या है जिसकी आप रिपोर्ट करना चाहते हैं?

टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

क्या आपको गंभीर संदेह है या आप निश्चित हैं?

गंभीर संदेह ☐
मैं निश्चित हूं ☐

यह कब हुआ था? (यदि सही तारीखें मालूम नहीं हैं तो कृपया अनुमान दें)
टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

यह कहां पर हुआ था? (कृपया जैसा लागू हो स्थान, दस्तावेज या लेनदेन भरें)
टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

आपके विचार में, कौन से लोग इसमें शामिल हैं? (कृपया जहां तक पूर्ण हो सके मुख्यनाम और कुलनाम तथा कार्य भरें)

मुख्यनाम - कुलनाम - कार्य

1. मुख्यनाम भरें कुलनाम भरें कार्य

2. मुख्यनाम भरें कुलनाम भरें कार्य

3. मुख्यनाम भरें कुलनाम भरें कार्य

4. मुख्यनाम भरें कुलनाम भरें कार्य

आपके विचार में, इसके कारण Fugro को क्या नुकसान हो सकता है (वित्तीय रूप से या अन्य प्रकार से)? (जिस सीमा तक आप इसे देख सकते हों)
टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

क्या आपको लगता है ऐसा फिर होगा?

नहीं ☐
हां ☐
निश्चित नहीं ☐

व्यक्तिगत कार्रवाई

आपको इस स्थिति के बारे में कैसे पता चला?

टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

क्या आपने पहले Fugro के भीतर किसी व्यक्ति को इस स्थिति के बारे में रिपोर्ट किया है?

नहीं, तो क्यों नहीं:

टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

हां, परिणाम यह रहा (कृपया आप जहां तक सहज महसूस करते हों उस व्यक्ति/उन लोगों के नाम शामिल करें):

टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

क्या आप किसी भी अन्य व्यक्ति(यों) को जानते हैं जिन्हें इस स्थिति की जानकारी है, लेकिन जो व्यक्तिगत रूप से इसमें शामिल नहीं हैं? (कृपया आप जहां तक सहज महसूस करते हों उस व्यक्ति/उन लोगों के नाम शामिल करें)?

नहीं ☐

हां ☐ (कृपया आप जहां तक सहज महसूस करते हों उस व्यक्ति/उन लोगों के नाम शामिल करें)

टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

क्या आपके पास कोई भौतिक साक्ष्य है जिसे आप जांचकर्ताओं के साथ साझा कर सकें? (कृपया केवल ऐसा साक्ष्य दें जो आपके पास आसानी से उपलब्ध हो, कृपया स्वयं छानबीन न करें; यह काम हम अनुभवी जांचकर्ताओं पर छोड़ देते हैं)

नहीं ☐

हां ☐ (कृपया अपने पास मौजूद भौतिक साक्ष्य का विवरण दें, जैसे कि दस्तावेज):

टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

कृपया अपने पास मौजूद ऐसी सभी और भी जानकारी उपलब्ध कराएं जो आपके विचार में प्रासंगिक हो सकती हो:

टेक्स्ट लिखने के लिए यहां क्लिक करें।

धन्यवाद!